Prepp
Your Personal Exams Guide

## भाग – 1

## सामान्य हिन्दी

(Max. Marks : 100)

[1×

1. i) पंचमाक्षर किसे कहते हैं ? उनका उल्लेख भी कीजिए ।
   ii) 'त' वर्ग का उच्चारण स्थान लिखिए ।
   iii) 'अनुनासिक' किसे कहते हैं ?
   iv) स्वर अल्पप्राण होते हैं अथवा महाप्राण ?

[1×

2. i) पुल्लिंग शब्द नहीं है :
   लगान मिलान
   उड़ान पान
   ii) निम्नलिखित वाक्य के रेखांकित अंश में प्रयुक्त कारक को पहचानिए :
   मोहन ने घड़े से पानी ढाला ।
   iii) प्रेरणार्थक क्रिया किसे कहते हैं ?
   iv) निम्नलिखित वाक्य में प्रयुक्त क्रिया विशेषण को लिखिए :
   अच्छा लड़का कक्षा में शान्तिपूर्वक बैठता है ।

3. क) निम्नलिखित शब्दों के एक-एक पर्यायवाची शब्द लिखिए ।
   i) सिंह
   ii) आनंद
   iii) मृग
   iv) अनुपम

   ख) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए ।
   i) निष्काम
   ii) पाश्चात्य
   iii) प्राचीन
   iv) निषिद्ध

4. क) निम्नलिखित समोच्चरित शब्द-युग्मों के अर्थ-भेद स्पष्ट कीजिए ।
   i) प्रसाद – प्रासाद
   ii) आसन – आसन्न

   ख) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक सार्थक शब्द लिखिए ।
   i) जो शीघ्र समझ में न आए ।
   ii) जो बात वर्णन से बाहर है ।



Scanned with OKEN Scanner

Prepp
Your Personal Exams Guide

क) निम्नलिखित शब्दों में कौन-सी संधियाँ हैं ? लिखिए । [2]

i) धनुष्टंकार

ii) अजंत

ख) निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद करते हुए संधि का नाम भी लिखिए । [2]

i) गुर्वोदार्य

ii) अन्वय

क) निम्नलिखित सामासिक पदों का विग्रह करते हुए उनके नाम भी लिखिए । [2]

i) दत्तचित्त

ii) तुलसीकृत

ख) बहुब्रीहि समास को परिभाषित करते हुए एक उदाहरण लिखिए । [2]

क) निम्नलिखित शब्दों के तत्सम शब्द लिखिए । [2]

i) आसरा

ii) दुबला

iii) पीठ

iv) छाता

ख) निम्नलिखित शब्दों के तद्भव शब्द लिखिए । [2]

i) स्वामी

ii) राजा

iii) कार्य

iv) कर्ण

क) निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए । [2]

i) तत्व

ii) अन्ताक्षरी

iii) यथेष्ठ

iv) वाल्मिकी

ख) निम्नलिखित वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए । [2]

i) मैं अपनी बात का स्पष्टीकरण करने के लिए तैयार हूँ ।

ii) श्रीकृष्ण के अनेकों नाम हैं ।



Scanned with OKEN Scanner

9. क) निम्नलिखित उपसर्गों से एक-एक शब्द की रचना कीजिए।

i) अधि
ii) अप
iii) उत्
iv) नि

ख) निम्नलिखित शब्दों में से मूल और प्रत्यय शब्द को अलग कीजिए।

i) बटाऊ
ii) भड़ाका
iii) गँवार
iv) हथौड़ा

10. निम्नलिखित मुहावरों/लोकोक्तियों के अर्थ लिखिए। [1×

i) धुएँ का महल खड़ा करना।
ii) बछिया के ताऊ।
iii) घी भी खाओ, पगड़ी भी रखो।
iv) तीन में न तेरह में, मृदंग बजाए डेरे में।

11. क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

i) 'द माडर्न वर्नेक्युलर लिट्रेचर ऑफ हिन्दुस्तान' नाम से हिन्दी साहित्य का इतिहास किसने लिखा ?
ii) हिन्दी साहित्य के स्वर्ण युग के बारे में संक्षिप्त टीप लिखिये।
iii) 'पुनर्जागरण काल' का एक अन्य नाम बताइए।
iv) चौदहवीं शती के मध्य से सत्रहवीं शती के मध्य तक के कालखण्ड को 'हिन्दी साहित्य के इतिहास' में किस नाम से जाना जाता है ?

ख) हिन्दी साहित्य-इतिहास के भक्तिकाल को कितने भागों में बाँटा गया है ? विभाजन को सौ शब्दों में समझाकर लिखिए।

12. क) निम्नलिखित रचनाओं के रचनाकारों के नाम लिखिए।

i) रोशनी का घोषणा पत्र।
ii) नौकर की कमीज।
iii) राम बनवास।
iv) दियना के अंजोर।

ख) निम्नलिखित रचनाकारों की एक-एक रचना का नाम लिखिए।

i) गुलशेर खाँ शानी।
ii) गंगा प्रसाद गुप्त 'बरसैंया'
iii) माधव राव सप्रे।
iv) नारायण लाल परमार।

13. निम्नलिखित गद्यांश का सार लगभग एक-तिहाई शब्दों में लिखिए और उसका उपयुक्त शीर्षक भी लिखिए।

यदि चित्त व्यवहार हो या परमार्थ, चित्त की एकाग्रता के बिना उसमें सफलता मिलना कठिन है। यदि चित्त एकाग्र रहेगा, तो फिर सामर्थ्य की कभी कमी न पड़ेगी। साठ वर्ष के बूढ़े होने पर भी किसी नवजवान की तरह आपमें उत्साह और सामर्थ्य दीख पड़ेगा। मनुष्य ज्यों-ज्यों बुढ़ापे की तरफ बढ़े, त्यों-त्यों उसका मन अधिक मजबूत होता जाना चाहिए। फल को ही देखिए न ! पहले वह हरा होता है, फिर पकता है, फिर सड़ता है, गलता है और मिट जाता है ; परंतु उसका भीतर का बीज उत्तरोत्तर कड़ा होता जाता है। यह बाहरी शरीर सड़ जाएगा, गिर जाएगा ; परंतु बाहरी शरीर फल का सार-सर्वस्व नहीं है। उसका सार-सर्वस्व, उसकी आत्मा तो है बीज। यही बात शरीर की है। शरीर भले ही बूढ़ा होता चला जाये, परंतु स्मरण-शक्ति तो बढ़ती ही रहनी चाहिए। तुम्हारा जो ज्ञान, विद्या या स्मृति है, वह तुम्हारा बीज है। शरीर बूढ़ा होने से ज्यों-ज्यों ढीला पड़ता जाय, त्यों-त्यों आत्मा बलवान होती जानी चाहिए। इसके लिए एकाग्रता आवश्यक है।

क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। [2]

ख) गद्यांश का सारांश एक तिहाई में लिखिए। [6]

14. प्रस्तुत अपठित गद्यांश के आधार पर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

हमारी आत्मा व्यापक होने के लिए छटपटाती रहती है। वह चाहती है कि सारे जगत को गले लगा लें। परंतु हम उसे बंद कर देते हैं। आत्मा को हमने कैद कर रखा है। उसकी याद भी हमें नहीं होती। सबेरे से लेकर शाम तक हम देह की सेवा में लगे रहते हैं। दिन रात यही विचार कि मेरा यह शरीर कितना मोटा हुआ या कितना दुर्बल हो गया, मानो संसार में कोई दूसरा आनंद ही नहीं रह गया। भोग और स्वाद का आनंद तो पशु भी लेते हैं। अब त्याग का और स्वाद तोड़ने का आनंद भी लोगे या नहीं ? स्वयं भूख से पीड़ित होते हुए भी भरी थाली दूसरे भूखे मनुष्य को दे देने में जो आनंद है, उसका अनुभव करो। उसके स्वाद को चखो। माँ जब बच्चे के लिए कष्ट उठाती है, तब उसे इस मिठास का थोड़ा-सा स्वाद चखने को मिलता है। मनुष्य 'अपना' कहकर जो संकुचित दायरा बनाता रहता है, उसमे भी उसका उद्देश्य अनजाने यह रहता है कि वह आत्मविकास का स्वाद चखे। क्योंकि देहबद्ध आत्मा कुछ देर के लिए थोड़ी उससे बाहर निकलती है। परंतु यह बाहर आना किस प्रकार का है ? ठीक वैसा जैसा कि जेल की कोठरी के कैदी का काम के बहाने जेल के अहाते में आना। परंतु आत्मा का काम इतने से नहीं चलता। आत्मा को तो मुक्तानंद चाहिए।

क) हमारी आत्मा किसके लिए छटपटाती है ? [1]

ख) हम दिन-रात किसकी सेवा में लगे रहते हैं ? [1]

ग) माँ को मिठास का स्वाद कब चखने को मिलता है ? [1]

घ) 'देहबद्ध आत्मा' का आशय लिखिए। [1]

ङ) रेखांकित पंक्ति की व्याख्या लगभग 100 शब्दों में कीजिए। [4]



Scanned with OKEN Scanner

Prepp
Your Personal Exams Guide

15. क) पत्र के महत्व को बतलाते हुए- अपने पिताश्री को अपने महाविद्यालय में संपन्न वार्षिक समारोह का विवरण लिखें। [4]

नोट : अभ्यर्थी को पत्र में कहीं भी अपना नाम, अनुक्रमांक, शहर का नाम, पता आदि अथवा अन्य पहचान चिह्न अंकित करना निषिद्ध है। (नाम के स्थान पर अ, ब, स या (A, B, C) एवं शहर के स्थान पर क, ख, ग (X, Y, Z) लिखें।)

ख) पत्रों के प्रकार बतलाते हुए संक्षिप्त विवरण दें। [4]

नोट : अभ्यर्थी को पत्र में कहीं भी अपना नाम, अनुक्रमांक, शहर का नाम, पता आदि अथवा अन्य पहचान चिह्न अंकित करना निषिद्ध है। (नाम के स्थान पर अ, ब, स या (A, B, C) एवं शहर के स्थान पर क, ख, ग (X, Y, Z) लिखें।)

16. क) परिपत्र एवं प्रपत्र को परिभाषित करते हुए अंतर को उदाहरण सहित समझाइये : [4]

ख) विवरणात्मक प्रतिवेदन किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखिए। [1+1+2]

नोट : अभ्यर्थी को प्रतिवेदन में कहीं भी अपना नाम, अनुक्रमांक, शहर का नाम, पता अथवा अन्य पहचान चिह्न अंकित करना निषिद्ध है। (नाम के स्थान पर अ, ब, स या (A, B, C) एवं शहर के स्थान पर क, ख, ग (X, Y, Z) लिखें।)

17. 'पीत पत्रकारिता' पर एक सारगर्भित टिप्पणी लिखिए। [4]

18. क) निम्नलिखित अंग्रेजी शब्दों के लिए हिन्दी शब्द लिखिए। [4]

i) VETO

ii) PREFACE

iii) BUY-BACK

iv) INTEGRITY

ख) निम्नलिखित वाक्यों का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए। [4]

i) तुलसीदास एक महान कवि थे।

ii) पानी गिर रहा है।

iii) वह खाना खा रही है।

iv) हमें अनुशासन में रहना चाहिए।



Scanned with OKEN Scanner

Prepp
Your Personal Exams Guide

# PART – 2

## GENERAL ENGLISH

**(Max. Marks : 50)**

1. Do as directed :

i) Rearrange the following structures to frame meaningful sentences. [2]

a) each other/they/for 15 years/they/got married, /had known/when

b) for a few days/when she got back/phone me/and would/going away/she was/she said that.

ii) Rewrite the following sentences after making necessary corrections : [4]

a) His eldest child is boy of ten ; youngest is a girl of two.

b) The train passed on the bridge when the bridge gave way.

c) Although she was tired but she went to work.

d) I slowly began understanding how she felt.

iii) Complete the following sentences using appropriate forms of verbs given in the bracket. [2]

a) The light ________ out while I ________ (go, read).

b) A pair of gloves ________ been found in the hall (have).

2. i) Correct the spellings of the following words : [2]

a) efarvassance

b) entarpreener

ii) Use the following idioms in your own sentences to bring out their meaning. [2]

a) bite the bullet.

b) piece of cake.

iii) Write one synonyms of the following words : [2]

a) conceal

b) impartial



Scanned with OKEN Scanner

Prepp
Your Personal Exams Guide

iv) Give one antonyms of the following words : [2]

a) compassionate

b) scarce

3. i) Give one word for each of the following : [2]

a) One who cannot be corrected.

b) One who is unable to pay his debts.

ii) Use the following phrasal verbs in sentences of your own. [2]

a) Cut down.

b) Figure out.

4. i) Change the voice. [2]

a) We gave the police the information.

b) I was asked some difficult questions at the interview.

ii) Fill in the blanks with suitable prepositions : [2]

a) I spoke to Carol ________ the phone last night.

b) Life today is very different ________ life 50 years ago.

iii) Fill in the blanks with suitable conjunctions : [2]

a) I slipped ________ I was taking a shower.

b) The project was not successful in economic terms ________ in political terms.

5. i) Insert "little" or "a little", "few" or "a few" in the following sentences : [2]

a) We will stay here for ________ while.

b) He has many enemies but ________ friends.

ii) Fill in the blanks with the most appropriate tense using the verb given in bracket. [2]

a) I ________ that woman before but I can't remember where. (see)

b) I wish you ________ your application by the due date. (submit)



Scanned with OKEN Scanner

Prepp
Your Personal Exams Guide

iii) Fill in the blanks with suitable relative pronouns in their appropriate forms. [2]

a) That is the man ________ pocket was picked.

b) Which is the boy to ________ you lent your bicycle ?

i) Use appropriate modals to complete the sentences : [2]

a) My parents ________ work very hard to build up their business. (past necessity and obligation)

b) I ________ play a lot of tennis. (typical or habitual behaviour of the past)

ii) Complete the following sentences using either a comparative or superlative. [2]

a) I'm not very interested in art. I'm ________ in history.

b) It was a very cold day. It was ________ of the year.

iii) Complete the sentences, use "enough" with the words given in brackets. [2]

a) We played well but not ________ the game. (well/win)

b) I don't have ________ newspapers. (time/read)

Read the passage given below and answer in your own words the questions that follow : [6]

Over four hundred years after his death, scholars are still travelling the mysteries of Michelangelo's art. Recently, one mystery that was revealed was that his famous drawing of a pensive Cleopatra included a hidden drawing of a different Cleopatra on the reverse side. This hidden Cleopatra shows a tormented woman, whose eyes stare out at the viewer and whose mouth is open screaming in horror. The two images drawn on two sides of the same paper, can be viewed simultaneously. A second mystery concerns Michelangelo's architectural plan for the dome of St. Peter's Basilica in Rome. Did he intend for the dome to look like the model he built between 1558 and 1561 ? Or did he change his mind after building the model and decided to elevate the dome in the way it is today ? Scholars do not agree on the answer. A third mystery about one of the greatest artists who ever lived was why he destroyed hundreds or thousands of his drawings before he died. Did he feel they were unimportant ? Did he want posterity to see only his finished products ?



Scanned with OKEN Scanner

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Questions :**

i) In the phrase "scholars are still travelling" what does the word "travelling" convey ?

ii) What are the recent findings of scholars regarding Michelangelo's famous drawing of the pensive Cleopatra ?

iii) Did the dome of St. Peter's Basilica bear resemblance to the architectural plans drawn by the artist ?

iv) How long did it probably take for Michelangelo to design the model according to the writer of this passage ?

v) Why did Michelangelo destroy many of his paintings before he died ?

vi) Give an appropriate title to this passage.

8. Write a precis of the following passage in one-third of its original length and suggest a suitable title to it : [6]

A belief that some languages are intrinsically superior to others is widespread, but it has no basis on linguistic fact. Some languages are of course more useful or prestigious than others, at a given period of history, but this is due to the preeminence of the speakers at that time, and not to any inherent linguistic characteristics. The view of modern linguistics is that a language should not be valued on the basis of the political or economic influence of its speakers. If it were otherwise, we would have to rate the Spanish and Portuguese spoken in the 16th Century as somehow "better" than they are today, and modern American English would be "better" than British English. Yet when we make such comparisons, we find only a small range of linguistic differences, and nothing to warrant such sweeping conclusions.

At present it is not possible to rate the excellence of languages in linguistic terms. And it is no less difficult to arrive at an evaluation in aesthetic, philosophical, literary, religious, or cultural terms. How ultimately we could compare Latin and Greek with the proverbial wisdom of Chinese, the extensive oral literature of the Polynesian islands, or the depths of scientific knowledge which has been expressed in English ? Perhaps one day some kind of objective linguistic evaluation measure will be devised; but until then, the thesis that some languages are intrinsically better than others has to be denied.



Scanned with OKEN Scanner

Prepp
Your Personal Exams Guide

## भाग – 3

## छत्तीसगढ़ी भाषा

(Max. Marks : 50)

निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

अ) निम्नलिखित छत्तीसगढ़ी शब्दों/अभिव्यक्तियों के लिए एक-एक हिन्दी समानार्थी शब्द लिखिए। [5]

i) खोंधरा
ii) हरू-गरू
iii) चिकारा
iv) भंडार-रक्सहूँ
v) अंधियारी पाख-अंजोरीपाख

आ) हिन्दी शब्दों/अभिव्यक्तियों के लिए छत्तीसगढ़ी समानार्थी शब्द लिखिए। [5]

i) दोपहर-शाम
ii) श्रावण-भाद्रपद
iii) पेड़-पौधे
iv) मित्र-शत्रु
v) पूर्व-पश्चिम

इ) सुमेलित करें। [2]

| | |
|---|---|
| i) पठिया | गाय का मादा बच्चा |
| ii) पंड़िया | नीलकंठ |
| iii) बछिया | बकरी का मादा बच्चा |
| iv) टेहर्रा | भैंस का मादा बच्चा |

अ) निम्नलिखित छत्तीसगढ़ी शब्दों के स्त्रीलिंग लिखिए। [2]

i) घोड़वा
ii) देवर

आ) छत्तीसगढ़ी में सम्प्रदान कारक के लिए एक वचन में प्रयुक्त किन्हीं दो परसर्गों के नाम लिखिए। [2]

इ) 'घरगौसैंया' और गोसैंयाघर में अंतर स्पष्ट कीजिए। [2]



Scanned with OKEN Scanner

Prepp
Your Personal Exams Guide

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

i) 'तइहा के बात ला बइहा लेगे ।' लोकोक्ति का भावार्थ स्पष्ट कीजिए । [2]

ii) 'पुरौनी' शब्द का आशय स्पष्ट कीजिए । [2]

iii) 'भूख पियास' सामासिक पद का समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए । [2]

iv) व्याकरणिक दृष्टि से 'ले' का प्रयोग किस कारकों में होता है ? [2]

v) 'हमन पढ़त रहिबो ।' वाक्य में किस काल का प्रयोग किया गया है ? [2]

4. निम्नलिखित छत्तीसगढ़ी वाक्यों को हिन्दी में लिखिए । [8]

i) पावती के अगोरा है ।

ii) ओकर मूल वेतनमान कतका हवय ?

iii) ओखर छे महीना के छेवारी छुट्टी मंजूर किए जाथे ।

iv) मोला अपन परिवार बर संसो रइथे ।

5. निम्नलिखित छत्तीसगढ़ी मुहावरों/हाना का हिन्दी में आशय लिखिए । [5]

i) नींदे कोड़े खेती, कोरे गाँथे बेटी ।

ii) तोर मोर मा अरझना ।

iii) नवा बइला के चिक्कन सींग ।

iv) पाँच ला पंदरा करना ।

v) जिहाँ चार बाँभन, तिहाँ परे लाँघन ।

6. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए । [5]

i) 'छत्तीसगढ़ का लोक पुराण' पुस्तक के लेखक का नाम लिखिए ।

ii) छत्तीसगढ़ी में रचित छंदबद्ध महाकाव्य श्रीसीताराम चरित के लेखक कौन हैं ?

iii) ऑनलाइन गुरुकुल 'छन्द के छ' के संस्थापक कौन हैं ?

iv) चेखव की दुनिया (अंतोन चेखव की कहानियाँ) का छत्तीसगढ़ी अनुवाद किसने किया है ?

v) किस छत्तीसगढ़ी साहित्यकार ने जेल में रहते हुए श्री कृष्ण जन्म स्थान समाचार पत्र का संपादन किया ?

7. बिजहा कार्यक्रम पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । [2]

8. केन्द्रीय छत्तीसगढ़ी पर संक्षिप्त प्रकाश डालिए । [2]



Scanned with OKEN Scanner